श्याम ने दिया है श्याम ही संभालेगा

श्याम ने दिया है जो भी श्याम ही संभालेगा
नईया मझधार से श्याम ही निकालेगा

खाली हाँथ आये और खाली हाँथ जाएंगे
श्याम पे भरोसा किया,काम वो ही आएंगे
गिरने से पहले वो मुझको बचा लेगा
श्याम ने दिया है जो भी श्याम ही संभालेगा

उसका दिया हुआ हमको कुबूल है
सांवरे के रहते चिंता करना फिजूल है
आएगी मुसीबत तो श्याम उसे टालेगा
श्याम ने दिया है जो भी श्याम ही संभालेगा

बनवारी श्याम जैसा कोई नहीं होगा
जिसने दिया है आज कल वो ही देगा
साथी तू बना ले इसे,साथ ये निभाएगा
श्याम ने दिया है जो भी श्याम ही संभालेगा

श्याम ने दिया है जो भी श्याम ही संभालेगा
नईया मझधार से श्याम ही निकालेगा

संपर्क - +919830608619

स्वर : सौरभ मधुकर

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/916/title/shyam-ne-diya-hai-jo-bhi-shyam-hi-sambhalega-khatu-shyam-bhajan-with-lyrics-by-Saurabh-Madhukar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |